दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*



पेज-04

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 336 | देहरादून, गुरुवार 05 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### निर्माणाधीन वैली ब्रिज टूटा, ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**चमोली।** थराली तहसील के रतगांव में निर्माणाधीन वैली ब्रिज अचानक टूट गया। बीते एक माह से 60 मीटर स्पान का यह पुल तैयार किया जा रहा था। ग्रामीणों ने हादसे को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इतने बड़े पुल का निर्माण अनुभवहीन ठेकेदार को सौंपा गया, जिससे निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी हुई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त पुल पर कोई मजदूर नहीं था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है और निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### मुख्यमंत्री धामी ने दी प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा की शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामना दी है। उन्होंने इस अवसर पर गंगा स्नान के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को भी इस पावन पर्व की बधाई दी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवनदायिनी गंगा का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। बिना गंगा व अन्य पावन नदियों के लोक जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पावन नदियां हमारे अस्तित्व से जुड़ा विषय भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पावन अवसर पर हमें गंगा एवं अन्य नदियों के साथ ही सभी जल स्रोतों को पवित्र रखने में भी अपना योगदान देना होगा।

# राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए कई अहम निर्णय

## कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट बैठक में पर्यावरण मित्रों, स्वच्छता नियमावली, भर्ती परीक्षाओं, ई–वाहन टैक्स माफी, पर्यटन योजनाओं और पेंशन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2013 से कार्यरत 859 पर्यावरण मित्रों को अब मृतक आश्रित का लाभ मिलेगा।

उत्तराखंड स्वच्छता गतिशीलता नियमावली के तहत वाहन कन्वर्जन पर सब्सिडी प्रक्रिया को सरल किया गया। विक्रम व अन्य डीजल वाहनों के लिए भी सब्सिडी योजना लागू की जाएगी। बैटरी, मोटर और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल वाहनों पर परिवहन टैक्स पूरी तरह माफ होगा, केवल जीएसटी देय रहेगा। उत्तराखंड वर्दीधारी सिपाही और उप निरीक्षक पदों की परीक्षा अब एक साथ आयोजित की जाएगी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि सब–इंस्पेक्टर स्तर के सभी पदों की परीक्षा



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली।

भी एकसमान तरीके से कराई जाएगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में 15 नए पद सृजित किए गए। मानवाधिकार आयोग में 12 नए पद स्वीकृत किए गए।

राज्य सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री के दिशा–निर्देशों पर बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अन्तर्गत पुनर्निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में श्री बद्रीनाथ धाम में एराईवल प्लाजा पर प्रधानमंत्री भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अति विशिष्ट प्रकार का स्ट्रक्चर बनाया जाना है। उक्त कार्य में अति विशिष्ट प्रकार की कलाकृति बनाये जाने की अनुमति कैबिनेट द्वारा प्रदान की गयी है।

उत्तराखण्ड विधि विज्ञान प्रयोगशाला विभाग में विभागाध्यक्ष घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य की विधि विज्ञान प्रयोगशाला को अधिसूचना 27.12.2024 के द्वारा गृह विभाग के सीधे नियन्त्रण में लाये जाने के फलस्वरूप विधि विज्ञान प्रयोगशाला विभाग का आय–व्ययक सम्बन्धी समस्त कार्य प्रभावित होने के दृष्टिगत निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को शासकीय अभिलेखों में विभागाध्यक्ष घोषित किये जाने हेतु वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) वर्ष 2018 के अध्याय–1 में विभागाध्यक्षों की सूची सम्मिलित किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग का गठन वर्ष, 2011 में किया गया है, तत्समय आयोग के संरचनात्मक ढांचे में कुल–47 पद सृजित किये गये थे।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगा फलदार पौधों का रोपण: कृषि मंत्री

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रदेशभर में फलदार पौधों के रोपण को लेकर चर्चा की गई।



कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए प्रदेश के वृहद स्तर पर विभिन्न हिस्सों में अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण को संजीवनी मिलेगी, बल्कि भविष्य में किसानों और आम जनता को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में लक्ष्य तय करते हुए पौधारोपण अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए। स्कूल, कॉलेज, पंचायतें और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस अभियान में जोड़ा जाएगा ताकि यह एक जनांदोलन का रूप ले सके।

# कोविड-19 को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, निगरानी तंत्र और संसाधनों को सक्रिय रखने के निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देशभर में कोविड–19 की स्थिति जहां इस समय नियंत्रण में है, वहीं उत्तराखंड में भी संक्रमण को लेकर हालात पूरी तरह सामान्य हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार किसी प्रकार की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। संभावित जोखिमों से बचाव और सतर्कता के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशानुसार यह विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है।



इसके तहत सभी जिलों में निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने, अस्पतालों में आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में फिलहाल कोविड को लेकर स्थिति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन किसी भी संभावित जोखिम के लिए हमें पूरी तरह तैयार रहना होगा। इसी क्रम में प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरणों और मानव संसाधनों को सक्रिय मोड में रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा कोविड–19 को लेकर किसी खतरे की स्थिति घोषित नहीं की गई है। न ही कोई नया वेरिएंट सक्रिय रूप से फैल रहा है। संक्रमितों में भी केवल मामूली लक्षण पाए जा रहे हैं और वे सामान्य इलाज से घर पर ही ठीक हो रहे हैं। फिर भी संभावित खतरों से निपटने के लिए राज्य पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

जिलों को दिए गए विशेष निर्देशः स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि, ऑक्सीजन, दवा और उपकरण पूरी तरह चालू रखने को कहा स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि अस्पतालों में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाएं और उपकरण जैसे वेंटिलेटर, मशीनें, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और ऑक्सीजन संयंत्र पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें। निगरानी तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर ज़ोरः सचिव ने निगरानी प्रणाली को और अधिक मजबूत करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण, गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण और कोविड के मामलों की अनिवार्य रिपोर्टिंग की जाए। सभी सरकारी व निजी स्वास्थ्य संस्थाएं और लैब्स प्रतिदिन पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करें। कोविड–19 परीक्षण दिशा–निर्देशों के अनुसार जांच कराई जाए।

# संपादकीय

## इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को मिली बेल

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। शर्मिष्ठा पनोली को कोलकाता पुलिस ने गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने सांप्रदायिक वीडियो पोस्ट किया था, जिससे ऑनलाइन काफी हंगामा हुआ था। अदालत ने शर्मिष्ठा को 10,000 रुपये का जमानत बांड भरने को कहा है। 22 वर्षीय प्रभावशाली और कानून की छात्रा को पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से श्ऑपरेशन सिंदूरश पर उनके विवादास्पद मीडिया पोस्ट के कारण गिरफ्तार किया था। उन पर सोशल मीडिया पर अब हटाए जा चुके वीडियो में अपनी श्सांप्रदायिकश टिप्पणियों के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि एफआईआर वजाहत खान कादरी ने दर्ज कराई थी, जिसकी शिकायत के कारण सोशल मीडिया प्रभावशाली शर्मिष्ठा पनोली को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और अब वह फरार है। श्री राम स्वाभिमान परिषद नामक एक ट्रस्ट ने कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस स्टेशन में वजाहत खान कादरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। यह वही पुलिस स्टेशन है जहां उन्होंने शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मुंबई और असम समेत देश के कई हिस्सों में दर्ज की गई कई शिकायतों के बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें उन पर नफरत फैलाने वाले भाषण देने और सोशल मीडिया पोस्ट में धार्मिक देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। कादरी के परिवार के सदस्यों ने उनका बचाव करते हुए दावा किया है कि वह षनिर्दोष और धर्मनिरपेक्ष हैं। रशीदी फाउंडेशन के प्रमुख और कोलकाता के गार्डन रीच के निवासी कादरी फिलहाल फरार हैं, पुलिस ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

# शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने के लिए सेतु आयोग ने सौंपी मुख्यमंत्री को रिपोर्ट



सेतु आयोग के अधिकारी सीएम को रिपोर्ट सौंपते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुधवार को सचिवालय में सेतु आयोग ने नगर निकायों के सशक्तिकरण की दिशा में गहन विश्लेषण आधारित रिपोर्ट सौंपी।

सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि नगर निगम और निकायों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने, प्रदेश के शहरी विकास और नगरों की समस्याओं को सुधारने की दिशा में सुझाव दिये गये हैं। रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय स्वायत्तता और राजस्व जुटाने की क्षमता बढ़ाना और भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में शामिल 18 कार्यों (जैसे जल आपूर्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन) को निकायों को हस्तांतरित करना है।

रिपोर्ट में तकनीकी नवाचार के लिए स्मार्ट गवर्नेंस, जीआईएस मैपिंग और डेटा–आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है। निकायों के कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों में इस दिशा में किए गए सुधारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। देश के सफल शहरी निकायों के मॉडलों को उत्तराखंड की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी रूप से ढाले जाने के लिए भी सुझाव दिये गये हैं। रिपोर्ट में आपदा–रोधी योजना, भूस्खलन प्रबंध नियोजन में आम लोगों की राय को प्राथमिकता देने का भी जिक्र किया गया है।

# अमेरिका ने दुनिया भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ का हर देश यह महसूस कर रहा है कि, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने से वे अपने चुनाव प्रचार में किए गए वादों को पूर्ण करने में तेजी से जुटे हुए हैं,अगर हम ट्रंप के चुनावी प्रचार की करीब–करीब हर सभा को देखें तो उसमें उन्होंने अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ, यूक्रेन–रूस युद्ध विराम, हमास–इजरायल युद्ध विराम सहित अनेको ऐसे वादे किए थे जो अमेरिका को फिर नंबर वन पर लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

पूरी दुनियाँ देख रही है कि ट्रंप अपने किए गए वादों को, एक के बाद एक पूरा करते हुए चले जा रहे हैं। इसी कड़ी में नए स्टूडेंट्स के लिए अमेरिका वीजा रोकने का फैसला भी देखा जा रहा है। मेरा मानना है कि अगर विदेशी छात्रों को अमेरिका पढ़ने के लिए आने के लिए रोकेंगे तो,स्थानीय छात्रों को अधिक मौका मिलेगा जिससे अमेरिका फर्स्ट का वादा पूरा होगा। दूसरे एंगल से अगर हम देखें तो हमने कई मौका पर अनेक विवादों में अमेरिका में पढ़ने आए विदेशी छात्रों द्वारा दूतावासों पर जाकर प्रदर्शन आंदोलन कर माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है, जिसका संज्ञान शायद ट्रंप साहब ने लिया होगा। कुल मिलाकर इस फैसले से आंदोलनप्रदर्शन आतंकवाद समर्थन पर रोक तथा



### अमेरिका की छात्र वीज़ा पर रोक- आतंकवादी या कट्टरपंथी संगठन सदस्यों के बहरूपिए छात्रों के आने पर रोक? या अमरीकी फर्स्ट नीति का हिस्सा?

अमरीक फर्स्ट दोनों लक्ष्यों का आभास होता है, हालांकि यह रोक टेंपवरी है जब इसे कंटिन्यू किया जाएगा तो, वीजा की चाहना रखने वाले छात्रों को सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर 2019 से अपने रिकार्ड को दिखाने की शर्त हो सकती है,जो रेखांकित करने वाली बात है।चूंकि अमेरिका ने दुनियाँ भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में छात्र वीजा पर रोक आतंकवादी या कट्टरपंथी संगठनों के छात्र बहरूपिया में आने से रोकना? या अमेरिकी फर्स्ट नीति का हिस्सा हो सकता है?

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा छात्र वीजा पर रोक लगाने को समझनें करें तो,अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को छात्र और विनिमय आगंतुक वीजा के लिए नई नियुक्तियां निर्धारित करना बंद करने का निर्देश दिया, जबकि अमेरिकी विदेश विभाग अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सोशल मीडिया स्क्रीनिंग का विस्तार करने की तैयारी कर रहा है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, हम अपने वीजा स्क्रीनिंग और जांच में सभी उपलब्ध जानकारी का उपयोग करते हैं। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस सामग्री को आपत्तिजनक माना जा सकता है, लेकिन वीजा आवेदकों से उनके फॉर्म पर 2019 से लेकर अब तक की सोशल मीडिया जानकारी देने के लिए कहा गया है।विदेश मंत्री का यह आदेश ट्रम्प प्रशासन द्वारा हार्वर्ड विश्वविद्यालय को कथित यहूदी विरोधी भाषण और गाजा में इजरायल की कार्रवाई की आलोचना को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए दंडात्मक निशाना बनाये जाने के बीच आया है। हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका को चुनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, तथा अब अमेरिका कनाडा के बाद दूसरे स्थान पर हैं,जिन लोगों ने पहले ही इंटरव्यू अप्वाइंटमेंट स्लॉट बुक कर लिए थे, उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं होगा।अमेरिका का ये निर्णय ऐसे समय पर आया है, जब राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार विदेशी छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की सख्ती से जांच के लिए नियम बनाना चाहती है। इस फैसले से बहुत से छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि सिर्फ नई बुकिंग शेड्यूल नहीं करनी है। लेकिन जिन लोगों ने पहले से ही अप्वाइंटमेंट बुकिंग की हुई है ।

साथियों बात अगर हम अमेरिका की छात्र वीजा रोक नीति का असर भारत पर पढ़ने की करें तो, भारतीय विदेश राज्य मंत्री ने संसद के 2024 के मानसून सत्र के दौरान एक लिखित उत्तर में विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के बारे में नवीनतम डेटा प्रदान किया। 2024 में विदेश में पढ़ने वाले 1,335,878 भारतीय छात्रों में से लगभग 427,000 कनाडा में और 337,630 अमेरिका में थे, जिससे यह दूसरा सबसे पसंदीदा गंतव्य बन गया अमेरिकी दूतावास के सूत्रों के अनुसार, भारत में अमेरिकी मिशन ने पिछले पांच वर्षों में 2018, 2019 और 2020 की तुलना में अधिक छात्र वीजा जारी किए हैं, जब संयुक्त संख्या एक लाख से भी कम छात्र वीजा थी। विभिन्न अमेरिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए 2022 और 2023 में भारतीय छात्रों को क्रमशः कुल 115,115 और 130,730 छात्र वीजा दिए गए। हालाँकि 2024 में यह संख्या घटकर 86,110 रह गई, फिर भी छात्र वीजा जारी करने के मामले में भारत पहले स्थान पर है, जो चीन से आगे है, जिसके पास लगभग 82,000 छात्र वीजा थे अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए शीर्ष गंतव्य कैसे बन गया? – संयुक्त राज्य अमेरिका 4,000 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के साथ अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिनमें से अधिकांश चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम प्रदान करते हैं। जबकि कई अमेरिकी संस्थानों को आईईएलटीएस स्कोर की आवश्यकता नहीं होती है, छात्रों को अभी भी अंग्रेजी में अपनी दक्षता साबित करने की आवश्यकता होती है। अमेरिकी अधिकारियों ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों को बढ़ावा देने और अधिक भारतीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए भारत भर में सक्रिय रूप से शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

अतः अगर हम अपने विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका ने दुनियाँ भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई अमेरिका की छात्र वीजा पर रोक–आतंकवादी या कट्टरपंथी संगठन सदस्यों के बहरूपिए छात्रों के आने पर रोक? या अमरीकी फर्स्ट नीति का हिस्सा ?आंदोलनों प्रदर्शनों में भाग लेने वाले वीजा आवेदक छात्रों की पहचान सोशल मीडियाके अनेकों प्लेटफॉर्म्ससे करउनको वीजा नहीं देना इस आदेश का उद्देश्य हो सकता है

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# पंजीकरण के लम्बित मामले एक माह के अन्दर कर दिये जायेंगे निस्तारित : प्रेस महापंजीयक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत के प्रेस महापंजीयक योगेश कुमार बावेजा ने प्रकाशकों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पंजीकरण के लम्बित मामले 1 माह के अन्दर निस्तारित कर दिये जायेंगे और प्रेस सेवा पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों को तेजी से दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

शीर्ष पत्रकार संगठनों के पदाधिकारियों ने ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूजपेपर्स फेडरेशन के अध्यक्ष व पूर्व प्रेस काउंसिल सदस्य गुरिंदर सिंह के नेतृत्व में प्रेस महापंजीयक से मुलाकात कर समाचार पत्र प्रकाशकों के समक्ष आ रही दिक्कतों को तुरन्त हल किये जाने की जोरदार मांग की। ज्ञातव्य हो कि प्रेस सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन व अन्य कार्यों में अपेक्षा से अधिक समय लग रहा था तथा इसमें प्रकाशकों को अनेक तकनीकी दिक्कतें आ रही थी। मीटिंग में अति–



प्रेस महापंजीयक से मुलाकात करते हुए।

प्रेस महापंजीयक डॉ. धीरज काकडिया, उप प्रेस पंजीयक आशुतोष मोहले व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रेस काउंसिल सदस्य अशोक नवरत्न, इंडियन एसोसियशन ऑफ प्रेस–एन–मीडियामेन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी, ऑल इंडिया स्मॉल न्यूजपेपर्स एसोसिएशन के दिल्ली प्रभारी अशोक कपूर, स्मॉल मीडियम बिग न्यूजपेपर्स सोसाइटी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार छाबड़ा, ठाकुर कृपाल सिंह, अशोक अनेजा देहरादून, आईएपीएम के उपाध्यक्ष अर्जुन जैन, सुशील वकील, ज्ञानेश्वर सिंह, सौरभ वाष्णेय, जे.के. मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, व शुभम गुप्ता आदि सम्मलित थे। प्रेस महापंजीयक ने प्रकाशकों की विभिन्न समस्याएं सुनने के बाद कहा कि हम मानते हैं कि पिछले कुछ समय से प्रेस पंजीयन कार्यालय में काफी मामले लम्बित है जिन्हे एक माह के अन्दर निस्तारित करने का प्रयास जायेगा तथा प्रेस सेवा पोर्टल में जो तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं उन्हे तत्काल दूर किया जायेगा। उन्होने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर प्रदेशों की राजधानियों में स्थित पत्र सूचना कार्यालयों में प्रकाशकों को तकनीकी जानकारी देने के लिए सेमीनार/वेबनार आयोजित करने का भी आश्वासन दिया। उन्होने बताया कि हमारा उद्देश्य त्वरित गति से कार्यों को निपटाना है जो पूरी तरह फेसलैस हो, जिससे प्रकाशकों को पंजीकरण कार्यालय न आना पड़े। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सभी जिला प्राधिकरण द्वारा प्रेस सेवा पोर्टल पर लागिन/ऑनलाइन कार्य सुनिश्चत करने के लिए पीआरजीआई द्वारा पत्र लिखे जाने की मांग की, साथ ही समाचार पत्रों की नियमितता के लिए सिंगल विंडो बनाये जाने की भी मांग की, कि एक जगह समाचार पत्र की प्रति जमा कराने के बाद प्रकाशकों को अलग–अलग जगह समाचार पत्रों की प्रतियां न जमा करानी पड़ें।

## हरिद्वार भूमि घोटाले की होगी विजिलेंस जांच

**देहरादून।** हरिद्वार जमीन घोटाले में सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए जहां दो आईएएस और एक पीसीएस अधिकारी को निलंबित किया है तो वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले में विजिलेंस जांच के आदेश भी दिए हैं।

शुरुआती कार्रवाई में शासन ने कुल दस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है, जबकि एक कर्मचारी की सेवा समाप्त और एक का सेवा विस्तार समाप्त किया है। मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच सतर्कता विभाग से कराए जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि दोषियों की पूरी श्रृंखला का खुलासा हो सके और पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा भूमि घोटाले से संबंधित विक्रय पत्र को निरस्त करते हुए भूस्वामियों को दिए गए धन की रिकवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी के कार्यकाल के दौरान नगर निगम हरिद्वार में हुए सभी कार्यों का विशेष ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

## हरदा के बयान पर भाजपा की नसीहत, अपने कर्याकाल को देखें हरदाः महेंद्र भट्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पूर्व सीएम हरीश रावत के आरोपों को निराधार बताते हुए तंज कसा कि उन्हे अपनी घोटाला सरकार के दिन याद आ रहे हैं।



कांग्रेस भूल सकती है, लेकिन प्रदेश की जनता को सब कुछ याद है, किस तरह हरदा सरकार में एनएच 24 की लूट की गई। किस तरह खनन माफियाओं के इशारों पर शासन प्रशासन चलता था और जो अधिकारी नहीं चलता था तो उसपर माफिया का डंपर चढ़ता था। कौन भूल सकता है अपने माफिया दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए मां गंगा को स्क्रैप चौनल यानि नाला घोषित किया गया। जनता ने टीवी पर देखा, शराब माफिया के साथ बैठकर पूर्व सीएम के निजी सचिव को आबकारी नीति बनाते हुए और स्वयं पूर्व सीएम को प्रदेश के संसाधनों को लूटने का लाइसेंस देते हुए देखा। आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार की राज्य में कमर तोड़ दी गई है। राज्य निर्माण के बाद से अब तक सर्वाधिक भ्रष्टाचारी जेल भेजे गए हैं। लिहाजा कोई इस मुद्दे पर कोताई बरतने का आरोप भाजपा सरकार पर नहीं लगा सकता है। कम से कम कांग्रेस और पूर्व सीएम हरीश रावत तो बिल्कुल नहीं, जिनकी छलनी में भ्रष्टाचार के सैकड़ों छेद हों।

## झोपड़ी में आग लगने से तीन साल के मासूम की मौत

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एक झोपड़ी में आग लगने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गयी वही आग की चपेट में आकर एक पांच साल का बच्चा व उसके माता–पिता भी झुलस गये। सूचना मिलने पर फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक झोपड़ी जलकर खाक हो चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार चंडी घाट पुल के पास देर रात एक झोपड़ी में आग लगने से तीन साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक पांच साल का बच्चा और माता–पिता भी झुलस गए। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि झोपड़ी पूरी तरह खाक हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि चंडी




मौके पर जमा लोग।

घाट पुल के पास झोपड़ी में एक परिवार रह रहा था। देर रात अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। परिवार गहरी नींद में था, जिससे किसी को आग लगने का तुरंत पता नहीं चल पाया। जब तक आसपास के लोगों ने शोर मचाया और राहत कार्य शुरू किया, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग में तीन वर्षीय बच्चे की मौके पर ही जलने से मौत हो गई। वहीं पांच वर्षीय बच्चा भी गंभीर रूप से झुलस गया है। माता–पिता भी आग की चपेट में आ गए और उन्हें भी झुलसी अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस अब आग लगने के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने ओलम्पिक एसोसिएशन के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में आगामी 23 जून 2025 विश्व ओलम्पिक दिवस के आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने कहा कि 23 जून को ओलम्पिक दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने कहा



खेल मंत्री रेखा आर्या बैठक करते हुए।

कि प्रत्येक जनपद में किस तरह के खेलों का आयोजन किया जायेगा इस पर अभी से कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने अधिकारियों से खेलों को लेकर सभी तरह की व्यवस्थाओं के साथ मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर आयोजन करने के निर्देश दिये। खेल मंत्री ने ओलम्पिक दिवस के अवसर पर प्रतिभाग करने वाले बच्चों के पंजीकरण, प्रदेश के राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को समापन समारोह में निमंत्रण देने के संबंध में अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त कार्यक्रम को राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर आयोजित किया जा सके जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की।

मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विश्व ओलम्पिक दिवस के आयोजन ऐतिहासिक रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की प्रत्येक पंचायतों के बच्चों, वृद्धजनों तक में खेलों के प्रति जनजागरूकता की अलख को जगाना है जिस हेतु विभाग तथा उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर महासचिव, उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन, डीके सिंह, सचिव, उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन, चेतन गुरुंग, निदेशक, खेल, प्रशान्त आर्य, तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

05 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 11:32 AM Page 4



# डीएम ने जांची अपने एकीकृत आपदा कन्ट्रोलरूम की नब्ज, आला अधिकारियों को प्रोएक्टिव रोल में रहने के दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने आज आपदा परिचाजन केन्द्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए आपदा कन्ट्रोलरूम की दीवारों को जिले के तहसील, थाना, हॉस्पिटल एवं आवश्यक सेवाओं वाले संस्थानों के जीआईएस मैप से सुस्जित किया जाए। आपदा परिचालन केन्द्र को डिजिटल कन्ट्रोलरूम में स्थापित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देशित किया कि मानसूनकाल में त्वरित रिस्पांस हेतु एनएच, लोनिवि, यूपीसीएल, जलसंस्थान के जेई दो टाईम सुबह एवं शाम एक–2 घंटा आपदा परिचालन केन्द्र में उपस्थित रहेंगे तथा अपने विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि आपदा कन्ट्रोलरूम के वायरलेस सेट पर पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए।



जिलाधिकारी एकीकृत आपदा कन्ट्रोलरूम के निरीक्षण के दौरान।

मुख्यमंत्री के आपदा की घटना पर दें त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश पर डीएम ने अपने एकीकृत आपदा कन्ट्रोलरूम की नब्ज जांची तथा त्वरित प्रतिक्रिया के निर्देश दिए। डीएम ग्राउंड जीरो पर उतरकर आला अधिकारियों को प्रोक्टिव रोल में रहने के निर्देश दिए हैं। जन शिकायत निवारण या प्रतिकूल स्थिति नियंत्रण हेतु प्रतिदिन मॉनिटिरिंग। अब तक प्राप्त 125 पेयजल संकट, रोड ब्लॉक, भूस्खलन सम्बन्धी शिकायतों में से 122 निस्तारित की जा चुकी हैं। मानसून सीजन के दृष्टिगत पेयजल सम्बन्धी 07, यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच के 3, फोरेस्ट, पुलिस के 02 सक्षम स्तर अधिकारी प्रतिदिन हाजिर होंगे। डीएम ने निर्देश दिए कि अपनी राजधानी का कन्ट्रोल संसाधन व प्रतिक्रिया ए क्लास होना चाहिए। वहीं जिले के आपदा कन्ट्रोलरूम जल्द ही डिजिटल करने की तैयारी है। अब आपदा कन्ट्रोलरूम के दीवारों पर तहसील, थानों, हॉस्पिटल, प्रमुख मार्गो के जीआईएस मैप, से सुस्जित रहेंगी, तथा जीआईएस टीम कन्ट्रोलरूम में तैनात रहेगी इसके लिए डीएम ने निर्देश दिए हैं। कन्ट्रोलरूम में अब रियल टाइम डिस्प्ले स्क्रीनस व जिल भर में प्रथमबार रेपिड वायरलेस कम्यूनिकेशन स्थापित किया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिए कि लोनिवि, एनएच, जल संस्थान, यूपीसीएल, पेयजल के जेई प्रतिदिन दो शिफ्ट में रहेंगे तैनात; अपने विभाग से सम्बन्धित शिकायत का उसी दिन निस्तारण करेंगे। डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक भूस्खलन संभावित क्षेत्र के नजदीक जेसीबी तैनात रहेंगे तथा एडीएम को ै से प्लान वेरिफाई कराने के निर्देश दिए। डीएम के प्रयास से राज्य में पहली बार जिले के थानों तहसीलों उच्च गुणवत्ता के सायरन लगने जा रहे हैं इसकी तैयारी कर ली गई है। डीएम ने निर्देश दिए कि आपदा प्राधिकरण की समस्त रिक्तियां पूर्णतः भरी जाएं।

## भ्रष्टाचार पर सरकार की कार्रवाई नाकाफी, कांग्रेस ने की सीबीआई जांच की मांग

**देहरादून।** हरिद्वार में उजागर हुए भूमि घोटाले को लेकर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार की अब तक की कार्रवाई को नाकाफी और प्रतीकात्मक करार दिया है। पार्टी का कहना है कि इस घोटाले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और असली दोषियों को सज़ा मिल सके।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महामंत्री नवीन जोशी ने कहा है कि यह घोटाला महज कुछ अधिकारियों की लापरवाही नहीं, बल्कि एक गहरा और संगठित आर्थिक अपराध है, जिसमें शासन के उच्च पदों पर बैठे लोगों की मिलीभगत की आशंका है। केवल निलंबन जैसी सीमित कार्रवाई से न तो न्याय संभव है और न ही जनता का भरोसा बहाल हो सकता है। श्री जोशी ने कहा कि सीबीआई जांच कराई जाए, मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी स्वतंत्र एजेंसी से होनी चाहिए।

# हरिद्वार के नए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संभाला चार्ज

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को हरिद्वार जिलाधिकारी के तौर पर अपना पदभार ग्रहण किया। चार्ज संभालने के बाद जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने जहां गुड गवर्नेंस को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया तो चेतावनी देते हुए कहा कि सही से काम नहीं करने वाले अधिकारी–कर्मचारी एक्शन के लिए तैयार रहे।



हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि आगामी मानसून सीजन और कांवड़ मेला उनकी प्रथमिकता है। कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न कराना है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने साफ किया है कि वो कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को सहारा जाएगा। लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की सभी योजनाओं को आम जनता पहुंचने का कार्य किया जाएगा और समय–समय पर औचक निरीक्षण करने के साथ ही आमजन से फीडबैक भी लिया जाएगा। यदि किसी अधिकारियों की लापरवाही या कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि फिलहाल मानसून सीजन उनकी प्राथमिकता है।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई व्यय-वित्त समिति की बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में व्यय–वित्त समिति की बैठक आयोजित हुई। व्यय–वित्त समिति की बैठक के दौरान ऋषिकेश में जानकी सेतु के पास राफ्टिंग मैनेजमेंट सेंटर के निर्माण कार्य एवं डोईवाला–दूधली मोटर मार्ग के डबललेन कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई।




बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राफ्टिंग मैनेजमेंट सेंटर के डिजाइन में पहाड़ी संस्कृति और ग्रीन बिल्डिंग को शामिल किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राफ्टिंग मैनेजमेंट सेंटर को सेल्फ सस्टेनेबल बनाया जाए ताकि इसके संचालन एवं रखरखाव के लिए फंड्स की व्यवस्था होती रहे। बैठक के दौरान बताया गया कि राफ्टिंग मैनेजमेंट सेंटर

### डोईवाला-दूधली मोटर मार्ग के डबललेन कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई

निर्माण की कुल लागत 4404.27 लाख है। इसके निर्माण के बाद राफ्टिंग पॉइन्ट्स पर ड्रॉन एवं सीसीटीवी कैमरों से लाईव वीडियो मॉनिटरिंग के साथ ही परमिट, समय–सारणी और क्राउड कंट्रोल जैसे कार्य किए जाएंगे। बैठक में 1306.64 लाख की लागत के डोईवाला–दूधली मोटर मार्ग के डबललेन कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गयी।इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं श्रीधर बाबू अद्दांकी सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सेतु आयोग ने किया नीति आयोग के स्टेट सपोर्ट मिशन के तहत क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सेतु आयोग ने देहरादून में नीति आयोग के स्टेट सपोर्ट मिशन के तहत एक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें देश के 10 राज्यों के संस्थागत प्रतिनिधि और राज्य योजना/परिवर्तन आयोग के अधिकारी शामिल हुए।

इस सम्मेलन में नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य परिवर्तन संस्थानों के प्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ और अन्य महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यों में जमीनी स्तर पर असर दिखाने वाली नीतियों और नए–नए विचारों को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई, ताकि सरकार की योजनाओं को और बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. विजय सारस्वत ने कहा कि 'विकसित भारत' का सपना, "विकसित राज्यों" से ही शुरू होता है। उन्होंने बताया कि राज्यों की नीतियों का उनके अपने हालात और जरूरतों के हिसाब से बनना बहुत जरूरी है, ताकि हर किसी का विकास हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि कई राज्यों में संसाधनों की कमी एक बड़ी चुनौती है, और स्टेट सपोर्ट मिशन का उद्देश्य इन्हीं चुनौतियों को दूर करना है, ताकि राज्य अपने स्तर पर मजबूत बन सकें और बेहतर फैसले ले सकें। उन्होंने तथ्यों पर आधारित नीति बनाने और उसे सही तरीके से लागू करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उपाध्यक्ष सेतु आयोग राज शेखर जोशी ने राज्यों की विकास रणनीतियों और प्रधानमंत्री के "विकसित भारत 2047" के विजन के तहत राज्यों की जीडीपी बढ़ाने के लिए कौशल विकास की अहमियत बताई। उन्होंने आपसी सहयोग, तकनीक, सरकारी योजनाओं के अच्छे क्रियान्वयन और लगातार निगरानी की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने विकसित और सशक्त उत्तराखंड के विजन को हासिल करने के लिए डेटा आधारित जिला योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सेतु आयोग से अनुरोध किया कि वह इस पहल को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाए। यह सम्मेलन "विकसित भारत" के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है, जिसमें राज्यों को मजबूत बनाना, नए–नए विचारों को अपनाना और सरकारी योजनाओं की डिलीवरी को बेहतर बनाना मुख्य उद्देश्य रहा। केंद्र लगातार राज्यों को सलाह दे रहे हैं कि वे अपने यहां नीति आयोग जैसी संस्थाएं बनाएं, ताकि योजना आयोग की जगह ये नई संस्थाएं ले सकें। कार्यक्रम की शुरुआत सेतु आयोग के स्वागत भाषण से हुई, उसके बाद नीति आयोग और उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में बेहतर गवर्नेंस, डेटा पर आधारित फैसले, डिजिटल बदलाव और कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर समन्वय पर तकनीकी सत्र हुए। अलग–अलग राज्यों के एसआईटी अधिकारियों के बीच बातचीत से साझा समस्याओं के समाधान और मिलजुल कर सोचने का मौका मिला।

# चमोली में पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर के तत्वाधान में पांच दिवसीय समर कैंप एवं हस्तलेखन कार्यशाला का शुभारंभ डायट गौचर चमोली के प्राचार्य आकाश सारस्वत द्वारा किया गया। अपनी बात रखते हुए प्राचार्य ने कहां कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर लाना और उनकी छुट्टियां का सदुपयोग करते हुए उन्हें नए कौशल सिखाना है।

उद्घाटन सत्र का संचालन करते हुऐ समन्वयक डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि समर कैंप में स्थानीय विद्यालयों के 80 से अधिक बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें बच्चों को संगीत, नृत्य , योग और हस्तलेखन के गुर सिखाए जाएंगे, कार्यशाला 8 जून तक चलेगी स आज से ही डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए पांच दिवसीय हस्तलेखन कार्यशाला का भी आगाज किया गया। जिसमें प्रशिक्षु छात्र छात्राओं को हस्तलेखन सुधार का अभ्यास कराया जाएगा। इस मौके पर अपनी



बात रखते हुए प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि विद्यालयों में शैक्षिक अनुश्रवण में पाया गया है कि विद्यालयों में बच्चों का लेख अपठनीय है, भविष्य के अध्यापकों को चाहिए कि वह अपने लेख पर विशेष ध्यान दें, जिससे वहां पढ़ रहे बच्चों के लेख में सुधार हो।

इसी उद्देश्य के साथ यह कार्यशाला रखी गई है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली गौचर के वरिष्ठ संकाय सदस्य राजेंद्र प्रसाद मैखुरी ने कहा कि शिक्षकों का हस्तलेख सुंदर होना चाहिए जिससे कि वह अन्य बच्चों को भी अच्छे लेख के लिए प्रेरित कर सके,

कार्यशाला में मुख्य संदर्भ दाता के रूप में राजकीय जूनियर हाईस्कूल करूली, बागेश्वर के प्रधानाध्यापक नरेंद्र गिरी गोस्वामी अपने छात्र छात्राओं सौम्या साह, दीक्षा हरडिया, दिव्यांशु खेतवाल, अभय खेतवाल, नैतिक रौतेला और विजय हरडिया के साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉक्टर गजपाल राज, गोपाल कपरुवाण, सुबोध डिमरी, मृणाल जोशी, रविंद्र सिंह , पुरुषोत्तम टम्टा , शशि कंडवाल, आरती बिष्ट, नीतू एवं सीमा तिवारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## शिक्षा एवं चिकित्सा में सुधार को लेकर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**लालकुआं।** वरिष्ठ समाजसेवी ने उत्तराखंड राज्य गठन से आज तक प्रदेश भर में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रेषित 17 सूत्रीय मांग पत्र में अविलंब ठोस नीति बनाते हुए सख्त कार्रवाई करने की जोरदार मांग की है।

समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट द्वारा तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट को सौपे गये ज्ञापन में कहा है कि उत्तराखंड राज्य गठन से आज तक राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बहुत ही अधिक बदहाल है, सरकार तत्काल उक्त स्वास्थ्य सेवाओं का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार इस और ठोस नीति सख्त कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि यही हाल शिक्षा विभाग का भी है, शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य बदहाली के आंसू बहा रहा है, जिसको लेकर अविलंब सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से तत्काल उक्त मामले में नीति निर्धारण करने की मांग की।

## पनाई सेरा माण्डा में समस्याओं के समाधान हेतु कालिंका मंदिर समिति की बैठक हुई संपन्न

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर की कालिंका देवी मंदिर समिति की बैठक में क्षेत्र की आराध्य उपरांई देवी मंदिर के क्षतिग्रस्त मंदिर के भवन की मरम्मत सहित राज्य मंत्री रमेश गडिया जी से हवाई पट्टी में रास्ता खुलवाऐ जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है।

कालिंका मंदिर माण्डा पनाई के परिसर में समिति के अध्यक्ष जगदीश कनवासी की अध्यक्षता में हुई बैठक के पारित प्रस्तावों में निर्णय लिया गया कि उपरांई देवी मंदिर के क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कार्य और पाठ पूजा के संबंध में 07 जुलाई के बाद शुभ मुहूर्त पर निर्माण कार्य हेतु एक कार्यदाई समिति का गठन किया जायेगा जिसके लिये स्थानीय सभी गांवों से दो – दो सदस्यों के चयन हेतु 15 जून को होने वाली अगली बैठक में निर्णय लिया जाऐगा तथा बैठक में श्रीकोट गांव से भी सदस्यों को आंमत्रित किये जाएंगे।

बैठक में उपरांई देवी मंदिर निर्माण हेतु अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के संयुक्त संचालन में बैंक खाता खोले जाने का निर्णय लिया गया।

क्षतिग्रस्त मंदिर के भवन निर्माण के लिये विधायक अनिल नौटियाल, राज्य मंत्री रमेश गडिया तथा गौचर क्षेत्र के तहत रेलवे लाइन में कार्यदाई कम्पनियों मेघा इंफ्रास्ट्रक्चर लि. और डीबीएल कम्पनी से सहयोग लेने बावत प्रस्ताव पारित किया गया है।

## राज्यपाल ने होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में होटल एसोसिएशन, नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नैनीताल एवं उसके आस–पास के क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं, अवस्थापना विकास से जुड़ी समस्याओं और उनके संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील पर्यटकों के प्रमुख आकर्षण हैं, और इनकी लोकप्रियता देश–विदेश तक फैली है। उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता है और इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में आधुनिकता लाने और गुणवत्तापूर्ण पर्यटन (क्वालिटी टूरिज्म) को बढ़ावा देने की



राज्यपाल से मुलाकात करते होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में पार्किंग की समस्या पर राज्यपाल ने कहा कि छोटी–छोटी पार्किंग सुविधाएं, मल्टीस्टोरी पार्किंग और रोपवे जैसे विकल्पों के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मेट्रोपोल को अस्थायी रूप से राज्य सरकार को आवंटित किया गया है तथा रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग उपयोग हेतु प्रयास जारी हैं। इससे पार्किंग की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल की झील इस क्षेत्र की आत्मा है और इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस, देहरादून द्वारा झील का तकनीकी सर्वेक्षण किया गया है, जिससे झील की स्थिति का समुचित आकलन कर उसके संरक्षण हेतु वैज्ञानिक कदम उठाए जा सकेंगे।

# बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब तीर्थ स्थलों में इस समय श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भारी भीड़

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)** बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब तीर्थ स्थलों पर इस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बद्रीनाथ धाम में रोजाना मौसम मिजाज बदल रहा है और चोटियों पर हिमपात हो रहा है। जबकि हेमकुंड साहिब में बीते तीन दिनों से रुक – रुककर बर्फबारी का दौर जारी है। ठंड बढ़ने के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

बद्रीनाथ धाम में मंगलवार को 23,659 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस तरह अब तक कुल 5,61,222 श्रद्धालु मंगलवार शाम 5 बजे तक आ



चुके हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि बद्रीनाथ धाम की यात्रा इस समय जोरों पर है और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

हेमकुंड साहिब में मंगलवार को 7,953 सिक्ख श्रद्धालु पहुंचे, जो इस बार का सबसे अधिक आंकड़ा है। अब तक कुल 28,306 सिक्ख श्रद्धालु मंगलवार तक मत्था टेक चुके हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि हेमकुंड साहिब की यात्रा भी जोरों पर है और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

डीएम चमोली संदीप तिवारी ने बताया कि यात्रा बहुत अच्छी चल रही है। हेमकुंड साहिब में बर्फबारी के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस फोर्स और एसडीआरएफ तैनात की गई है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार अपील की जा रही है कि वे सुरक्षित स्थान पर रहें और गर्म कपड़े पहनें। उच्च हिमालय में कई दिनों से मौसम खराब हो रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए यात्रा के दौरान यात्री अपनी व्यवस्था के साथ जरूर चलें। गर्म कपड़े साथ लाएं और ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनें।

चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब तीर्थ स्थलों पर इस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार अपील की जा रही है। यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे सुरक्षित स्थान पर रहें और गर्म कपड़े पहनें।

05 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 11:32 AM Page 6



# नगरपालिका गौचर की समस्याओं के समाधान हेतु पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने डीएम से भेंट कर ज्ञापन सौंपा

**गौचर/चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी ने ऋषिकेश – कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के कारण प्रभावित आम नागरिकों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुऐ गौचर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डायलिसिस मशीन, अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन एवं एक्स – रे मशीन का स्थापन कार्य तथा गौचर के विभिन्न वार्डों में सोलर लाइटों से अच्छादन व गौचर में मल्टी लेवल पार्किंग की सुविधा व नैल से रघुनाथ मंदिर चटवापीपल तक मरीन ड्राइव निर्माण कार्य हेतु रेलवे परियोजना के ब्ध्थ्न्छक से कराये जाने बाबत ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

इसके अलावा सीमा सड़क संगठन 66 आरसीसी ग्रेफ गौचर के नाम राजस्व अभिलेखों के अनुसार 33 नाली भूमि अभिलेखित है। जबकि ग्रेफ द्वारा इससे अधिक भूमि पर कब्जा किया गया है। वर्तमान में बीआरओ



का कार्य एन. एच. को हस्तांतरित हो जाने से बीआरओ द्वारा निर्माण संबंधी किसी भी प्रकार कि गतिविधियां संपादित नहीं की जा रही है। अध्यक्ष संदीप नेगी ने बीआरओ के नाम आवंटित भूमि का सीमांकन किये जाने का जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है। आज दिनाँक 04 जून 2025 को मा० अध्यक्ष महोदय श्री संदीप सिंह नेगी जी द्वारा नगर क्षेत्र गौचर के आम नागरिकों की मूलभूत समस्या के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय चमोली से भेंट की गई, जिसमें मा० अध्यक्ष द्वारा ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के कारण प्रभावित आम नागरिकों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुए गौचर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डायलिसिस मशीन, अत्याधुनिक अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं एक्स–रे मशीन का स्थापन कार्य, एवं गौचर के विभिन्न वार्डों हेतु सोलर लाइटों से आच्छादन व गौचर में मल्टी लेबल पार्किंग की सुविधा, साथ ही नैल से रघुनाथ मंदिर चटवापीपल तक मरीन ड्राइव निर्माण कार्य हेतु रेलवे परियोजना के ब्ह थ्नदक से कराये जाने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में संदीप नेगी ने कहा है कि सीमा सड़क संगठन 66 आर०सी०सी० ग्रैफ गौचर के नाम राजस्व अभिलेखों के अनुसार 33 नाली भूमि अभिलिखित है, जबकि इनके द्वारा इससे अधिक भूमि पर कब्जा किया गया है। वर्तमान में बी०आर०ओ० का कार्य एन०एच० को हस्तगत हो जाने से बी०आर०ओ० द्वारा निर्माण सम्बन्धी किसी भी प्रकार की गतिविधियाँ सम्पादित नही की जा रही है। उन्होंने बीआरओ के नाम आवंटित भूमि का सीमाकंन किये जाने का अनुरोध किया गया है। ताकि उक्त भूमि नगर के विकास कार्यों हेतु प्रयोग में लाई जा सकें।

वहीं दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी के द्वारा नगर क्षेत्र गौचर की आम जनता के लिए किये जा रहे अथक प्रयासों के लिये नगरवासियों ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर झुलसा, हायर सेंटर रैफर

**रामनगर।** छोई क्षेत्र में एक निर्माणाधीन रिजॉर्ट में वेल्डिंग का काम कर रहे मजदूर के करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। उसे रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

हादसे का शिकार हुए युवक का नाम वसीम (30 वर्ष, पुत्र मोहम्मद हसीन) है। वो रामनगर के खताड़ी क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि इसी दौरान जब वो एक पाइप को वेल्ड कर रहा था, तभी गलती से पाइप एक करंट वाली जाली से टकरा गया। इस टकराव के साथ ही वसीम को जोरदार करंट लगा जिससे वो बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने बिना देर किए वसीम को अस्पताल पहुंचाया। रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया।



## मांगों को लेकर पटवारियों ने किया कार्य का बहिष्कार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दो सूत्रीय मांगों को लेकर पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, उप निरीक्षक, राजस्व अनुसेवक संघ के प्रांतीय आह्वान पर तहसील थराली में पर्वतीय तहसीलों के कानूनगो, पटवारी व राजस्व अनुसेवक दो द्विवसीय पूर्ण कार्य बहिष्कार में हैं।

कार्य बहिष्कार के दौरान पर्वतीय क्षेत्र के कानूनगो, पटवारियों व अनुसेवकों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन भी किया गया। संघ का कहना है कि वे राजस्व गांव जहां रेगुलर पुलिस व्यवस्था लागू की गई है उन्हें 25 मई 2025 तक रेगुलर पुलिस को हस्तगत किया जाना था, लेकिन ये गांव अब तक भी रेगुलर पुलिस को हस्तगत नहीं हुए हैं। संघ की दूसरी मांग में कहा गया है कि अंश निर्धारण में उच्च अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाकर वेतन आदि रोके जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## देवराड़ी देवी की बन्यथा महोत्सव में श्रद्धालुओं ने देवी पूजन किया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सैकड़ों गांवों का भ्रमण करने के बाद हो रहे देवराड़ी देवी, लाटू व सिंगलास देवता आदि के बण्डातोली मंडप में नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव में श्रद्धालुओं का भारी संख्या में आने का सिलसिला जारी है। देवी भक्त देवी महोत्सव में मां देवराड़ी देवी सहित साथ में शामिल सभी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। तथा देवी मां की पूजा अर्चना कर श्रृंगार सामग्री भेंट के साथ अपने घर गांव और क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली बनी रहने की मनौतियां मांगी जा रही है। रानीगढ़ व धनपुर पट्टी की आराध्य देवराड़ी देवी के इस महोत्सव को लेकर पूरे इलाके में उत्साह बना हुआ है। इलाके की धिधाणियां, प्रवासी बन्धु भी अपने पूरे परिवार के साथ आजकल देवी दर्शन और आशीर्वाद लेने बण्डातोली मंडप में पहुंच कर



देव नृत्य का आनंद ले रहे हैं। हर रोज बनातोली मंण्डप में पूजा पाठ, हवन यज्ञ के कार्य को सम्पादित करने में पंडित शक्ति प्रसाद देवली, प्रकाश देवली, ओम प्रकाश देवली, भवानी प्रसाद देवली, केशवानंद केडियाल, टीका प्रसाद नौटियाल आदि सभी धार्मिक क्रियाकलाप व अनुष्ठान को संपन्न करने में लगे हुए हैं।

देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष उम्मेद सिंह चौधरी ने बताया कि कल पांच जून गुरूवार को भगवती देवी का पूजन के साथ 11 बजे ऐरवालों की विदाई, देवगोटपनेरा स्नान तत्पश्चात देवी मां का मंदिर प्रांगण में प्रवेश, नृत्य और अपने भक्तों को दर्शन आशीर्वाद देते हुऐ गर्भगृह में विराजमान हो जायेगी। हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही ढाई बजे भण्डारे के साथ पिछले छह माह से चली आ रही देवरा यात्रा संपन्न हो जायेगी।

# चमोली में जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला खनिज फाउडेशन न्यास प्रबंध समिति की बैठक ली, दिए निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला खनिज फाउडेशन न्यास प्रबंध समिति की बैठक ली। जिसमें जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु विभागों से उपलब्ध प्रस्तावों की समीक्षा की गयी और उच्च प्राथमिकता व जनहित से जुडे 11 प्रस्तावों की कुल 179.38 लाख की धनराशि को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए शासी परिषद में वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने संस्तुति की गयी।



बैठक में विभिन्न विभागों के उच्च प्राथमिकता में 13 प्रस्ताव व अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 24 प्रस्ताव रखे गए। महिला बेस अस्पताल सिमली में आवश्यक उपकरण क्रय के लिए 22 लाख, नन्दानगर के ग्राम लांखी में खेल मैदान व बाढ सुरक्षा कार्य के लिए 19.80, फरकिया पेयजल योजना के मरम्मतीकरण के लिए 8.08 लाख, ग्राम पंचायत खीरों लामबगड में रास्ता निर्माण के लिए 19.98 की धनराशि अनुमोदित की गयी।

जनहित को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिला प्लान से फ्यूली गदेरा और अगथला गदेरा के बाढ़ सुरक्षा कार्यो के लिए जिला योजना के अन्तर्गत 20 –20 लाख की स्वीकृति दी गयी है। वहीं आज खनन एवं न्यास से फ्यूली गदेरे और अगथला गदेरा से आवासीय भवनों की सुरक्षा हेतु बाढ सुरक्षा कार्य के लिए 20–20 लाख की धनराशि अनुमोदित की गयी। वहीं गोपेश्वर क्षेत्रान्तर्गत रिखुली नाला व पाडुली नाला के सुरक्षात्मक कार्यो की स्वीकृति दी गयी है ताकि लोगो के आवास को कोई नुकसान न हो।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने निर्माण दायी संस्था को कार्य से पहले भूमि का अच्छी तरह परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्णप्रयाग विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय जयकण्डी के भवन पुर्ननिर्माण कार्य प्रस्ताव को रिवाइज करने के निर्देश दिए।

# वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट की पहली इकाई के सीओडी प्रक्रिया की शुरुआत की सराहना की

**ऋषिकेश (नजरिया खबर ब्यूरो)।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल), विद्युत क्षेत्र के अग्रणी पीएसयू ने उत्तराखंड के टिहरी में 1000 मेगावाट के वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की पहली इकाई (250 मेगावाट) की सीओडी प्रक्रिया की सफल शुरुआत करने की घोषणा की है।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की अक्षय ऊर्जा यात्रा में विशिष्ट सफलता के रूप में दर्ज हुई है, जिसने टिहरी पीएसपी को किसी भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) द्वारा निर्मित सबसे बड़ा पंप स्टोरेज प्लांट और देश में पहला वेरिएबल स्पीड पीएसपी के रूप में स्थापित किया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री, मनोहर लाल ने वर्चुअल मोड के माध्यम से टिहरी पीएसपी की प्रथम यूनिट के प्रचालन का आधिकारिक उद्घाटन



टीएचडीसी के अधिकारी।

किया। इस अवसर पर विद्युत क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिनमें पंकज अग्रवाल (आईएएस), सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार; आकाश त्रिपाठी (आईएएस), अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार; गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी; आर.के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल; शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसीआईएल; भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी), टीएचडीसीआईएल एवं सिपन कुमार गर्ग, निदेशक (वित्त), टीएचडीसीआईएल भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि टिहरी में भारत के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट की प्रथम यूनिट का सफल प्रचालन केवल टीएचडीसीआईएल की एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक साहसिक कदम है। वेरिएबल स्पीड प्रौद्योगिकी हमें सटीकता के साथ विद्युत प्रवाह का प्रबंधन करने की अनुमति देती है, जिससे हमारा ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र अधिक स्मार्ट और अधिक लचीला बनता है। केंद्रीय मंत्री ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की पूरी टीम, कार्यान्वयन के अन्य भागीदारों तथा प्रत्येक व्यक्ति को बधाई दी जिन्होंने इस ऐतिहासिक सफलता में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया। विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने कमीशनिंग की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि टिहरी में वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट एक अग्रणी विकास है, जो हमारे ग्रिड के लचीलेपन को सुदृढ़ बनाता है। यह अक्षय ऊर्जा की बढ़ती मात्रा को एकीकृत करने और स्वच्छ, विश्वसनीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र की ओर ट्रांसमिशन के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## केदारनाथ धाम में हुई सीजन की पहली बर्फबारी

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। बर्फ की सफेद चादर से ढंके मंदिर परिसर और आसपास की पहाड़ियों के अद्भुत दृश्य श्रद्धालु झूम उठे। बर्फबारी होते ही श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई।कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में तीर्थयात्री भगवान शिव के दर्शनों के लिए धाम पहुंचे हुए हैं। हर–हर महादेव' के जयकारों की गूंज धाम में सुनाई दे रही है। श्रद्धालुओं ने बर्फबारी का आनंद लेते हुए वीडियो और फोटो भी लिए। वहीं चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी सोमवार से मौसम खराब है। हेमकुंड साहिब में लगातार दूसरे दिन भी बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरु होने के बाद तीसरी बार बर्फबारी हुई। हालांकि रविवार के मुकाबले सोमवार को बर्फबारी कम हुई है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यहां दोपहर बाद मौसम बदल रहा है और बर्फबारी हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को दोपहर बाद यहां मौसम बदला और फिर बर्फबारी शुरु हो गई।

## विकास में संतुलन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर हुआ संवाद का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून के सर्वे चौक स्थित आई आर डी टी ऑडिटोरियम में उद्देश्य के साथ प्रगति, हरियाली के साथ विकास एवं विकास में संतुलन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए चुनौती है।

उन्होंने वनों के महत्व पर जोर दिया। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने कहा कि विकास जरूरी है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान प्रदान कर सकती है। लेखक एवं एक्टीवीस्ट लोकेश ओहरी ने कहा कि दून में पेड़ों की कटाई रोकी जानी चाहिए और जेसीबी के प्रयोग को नियंत्रित किया जाना चाहिए। विकास कार्यों में आमजन जैसे हितधारकों की भी भागीदारी होनी चाहिए। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि विकास के लिए भले ही पेड़ काटे जाते हैं, लेकिन अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाते हैं, इस वर्ष शहर में अधिक से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य है। शहर में दो झीलों का पुनरुद्धार किया गया, जिनका गुरुवार को लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में आर्थिपेडिक सर्जन डॉ. बीकेएस संजय, बीआईएस निदेशक सौरभ तिवारी, एस.डी.सी. के फांउडर अनूप नौटियाल ने भी अपने विचार वियक्त किया।

## एमडीडीए उपाध्यक्ष ने निर्माणाधीन आढ़त बाजार को लेकर ली समीक्षा बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण बंशीधर तिवारी द्वारा निर्माणाधीन आढ़त बाजार की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने उपाध्यक्ष श्री तिवारी को कार्य प्रगति की जानकारी दी। एमडीडीए उपाध्यक्ष द्वारा कार्यों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए गये।

उपाध्यक्ष श्री तिवारी को अवगत कराया गया कि आढ़त बाजार कार्य में 60 प्रतिशत प्लॉटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही उपाध्यक्ष द्वारा 1 माह में अवशेष प्लॉटिंग, एस0टी0पी0 ,पार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। हुडको से लिये जाने वाले लोन स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही को यथा शीघ्र पूर्ण कर ली जाये। सभी भू–खण्डों हेतु कन्ट्रोल डिजाइन तैयार किये जाने



एमडीडीए उपाध्यक्ष बैठक लेते हुए।

के निर्देश दिये गये जिससे आढ़त बाजार की दुकानों में एक रूपता का समावेश हो सकें।

बाजार निर्माण का कार्य पूर्ण करते हुये आवंटन से पूर्व लाभार्थियों के साथ एक संयुक्त रूप से बैठक की जाये। कार्य को पूर्ण करते हुये लाभार्थियों को आवंटन की कार्यवाही माह अगस्त तक किये जाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, मुख्य अभियन्ता एस0सी0एस0 राणा, लेखपाल नजीर अहमद, वास्तुविद प्रशान्त नौटियाल, निर्माणदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म इंटर कॉलेज (बन्नू) रेसकोर्स की प्रबंध समिति का चुनाव आठ जून को, बैठक में लिया निर्णय

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज (बन्नू), रेसकोर्स की प्रबंध समिति के आगामी चुनाव, जो 8 जून को निर्धारित हैं, के संदर्भ में, टीम हरीश विरमानी ने एक बैठक आयोजित की।

इस अवसर पर, टीम ने अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि छात्र संख्या में वृद्धि, प्रबंध समिति और शिक्षकों के प्रयासों से विद्यालय की छात्र संख्या 1,000 से अधिक हो गई है। बालिकाओं के लिए निरूशुल्क शिक्षारू विद्यालय में पढ़ने वाली सभी



बैठक में प्रतिभाग करते हुए।

बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा और गणवेश प्रदान किया गया। 13 अस्थायी शिक्षकों, एक माली और प्राइमरी अनुभाग के लिए एक चौकीदार की नियुक्ति की गई। प्रतिभाशाली छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति और जरूरतमंद छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान की गई।

निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा के लिए आधुनिक लैब और शिक्षक की व्यवस्था की गई। प्रयोगशालाओं का रसायन विज्ञान और भौतिक विज्ञान की प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाया गया।

प्राइमरी स्कूल भवन का पुनर्निर्माण, शौचालयों का निर्माण, कक्षा–कक्षों में ब्ल्ट कैमरे, व्हाइट बोर्ड, डिस्प्ले बोर्ड और नया फर्नीचर स्थापित किया गया। इंटर अनुभाग की कक्षाओं की मरम्मत, रंगाई–पुताई, टीन शेड का निर्माण, बैडमिंटन कोर्ट और प्रार्थना स्थल का निर्माण, स्वच्छ जल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था, द्वितीय तल के लिए सीढ़ियों का प्रबंध, और ग्राउंड के बड़े गेट की मरम्मत की गई। इस मौके पर भविष्य की योजनाओं के बारे मे श्री विरमानी ने कहा कि सभी कक्षाओं में एलईडी युक्त स्मार्ट क्लास की स्थापना।

प्रत्याशियों में अध्यक्ष पद के लिए हरीश विरमानी, उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कथूरिया, प्रबंधक पद के लिए हरीश गुलाटी, सह प्रबंधक के लिए मनीष डोरा, कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष गेरा, कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए अजय अरोड़ा, राम स्वरूप भाटिया, राकेश चावला, कमल वाधवा, राकेश गांधी प्रत्याशी हैं। बैठक में पीएस कोचर, विजय कथूरिया आदि लोग शामिल रहे।

05 June 2025_Copy of Layout 1 6/6/2025 11:32 AM Page 8



# जन्म मृत्यु पंजीकरण में पब्लिक का हरासमेंट स्वीकार्य नहीं: डीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम अर्न्तगत जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन्म–मृत्यु पंजीकरण के दौरान जनमानस को परेशानी न हो इसका ध्यान रखें। सम्बन्धित रजिस्ट्रार ध्यान रखे जन्म–मृत्यु पंजीकरण में बैकलॉग न रखें यदि मानवश्रम की कमी है तो उसकी मांग कर ली जाए। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक मृत्यु हेतु मृत्यु के कारण का चिकित्सीय प्रमाणीकरण (एमसीसीडी) योजना के अर्न्तगत निर्धारित प्रारूप भरे जाने हेतु सभी सरकारी एवं निजी अस्पताल को उनकी ओर से दिशा–निर्देश जारी करें। सभी निजी चिकित्सालयों एवं ए०एन०एम उपकेन्द्रो में जन्म–मृत्यु की संगत सूचना स्थानीय रजिस्ट्रार को उपलब्ध करवाने हेतु सी०आर०एस० पोर्टल की इनफारमेट आई० डी० क्षेत्रीय रजिस्ट्रार द्वारा अनिवार्य रूप से जारी करना। जन्म– मृत्यु की समस्त पुरानी अपंजीकृत घटनाओं को सी०आर०एस०पोर्टल पर पंजीकृत करना है। विगत दो माह के दौरान नियम विरूद्ध एवं खराब प्रदर्शन करने वाली इकाई के अध्यारोपित अर्थदण्ड एवं आर०बी०डी०एक्ट के



जिलाधिकारी बैठक लेते हुए।

### सम्बन्धित रजिस्ट्रार रखें ध्यान जन्म-मृत्यु पंजीकरण का न रहे बैकलॉग : जिलाधिकारी

अन्तर्गत कार्यवाही के निर्देश दिए। सभी विकासखण्ड कार्यालयो में विकासखण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो के स्थानीय रजिस्ट्रार के नाम पता एवं मो०न० की सूची को स्थायी नोटिस बोर्ड एवं एनआईसी वेबसाइट पर प्रसारित करने के निर्देश दिए। सभी निजी चिकित्सालय में स्थानीय रजिस्ट्रारो के नाम पता एवं मो०न० की सूची को स्थायी नोटिस बोर्ड पर लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० मनोज कुमार डॉ नरेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## होम शॉपिंग स्प्री के साथ शानदार डील्स का उठाएं लाभ

**देहरादून।** अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को इस गर्मी नया लुक दे सकते हैं। होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज पर बेहतरीन डील्स का मौका है।

रोबोटिक वैक्यूम, वॉटर प्यूरिफायर, कूलर, वॉटर बॉटल्स, स्विमिंग एक्सेसरीज़, फर्नीचर और बहुत कुछ। ग्राहक 1 से 5 जून 2025 तक एक्वागार्ड, नारवाल, वेगा और अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स पर शानदार डील्स का लाभ उठा सकते हैं। नारवाल के इस 2–इन–1 वैक्यूम और मॉप के साथ अपने घर की गहराई से सफाई करें। शीर्ष पार्टनर बैंकों से रोमांचक ऑफ़र्स बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केनरा, फेडरल बैंक, एचएसबीसी, आईडीएफसी और यस बैंक के लेनदेन पर 10ः तक की तत्काल छूट मिलेगी।

# जमीन घोटाले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत 10 अधिकारी सस्पेंड

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाते हुए, दो आईएएस, एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं, इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं।

हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हैक्टेयर भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, कार्मिक विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा डीएम कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया है।

## लोक कलाकारों को मिलेगा दुर्घटना बीमा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में लोक संस्कृति के सम्वर्धन से जुड़े सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकारों के व्यापक हित में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु मार्ग दुर्घटना की स्थिति में लोक कलाकारों का दुर्घटना बीमा (इंश्योरेंस) किये जाने की घोषणा करते हुए निर्देश दिये हैं कि संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक दलों का कार्यक्रम आवंटन एवं भुगतान संस्कृति निदेशालय से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक संस्कृति को बढावा देने वाले हमारे संस्कृति कर्मी हमारी पंरम्परागत लोक संस्कृति, लोक संगीत एवं लोक कला को पहचान दिलाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार सांस्कृतिक दलों से जुडे कलाकारों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

## न्यूज डायरी

### हंगामा काट रहे सात लोग गिरफ्तार



**श्रीनगर।** श्रीनगर में स्थानीय लोगों और हेमकुंड साहिब जा रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद ने इस कदर विकराल रूप ले लिया कि श्रद्धालुओं ने अपनी तलवार निकाल कर लोगों पर वार करना शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने हमला करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही स्थानीय लोगों के खिलाफ हाईवे जाम करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि गढ़वाल के श्रीनगर में तीन जून की रात को अचानक उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब हेमकुंड साहिब जा रहे कुछ लोगों की बाइक पर स्थानीय लोगों ने कमेंट करने शुरू कर दिए। हेमकुंड साहिब जा रहे श्रद्धालुओं को यह बात बुरी लगी। इस पर दोनों के बीच विवाद अत्यधिक बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि स्थानीय लोगों की भीड़ के ऊपर हेमकुंड साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं ने तलवारों से हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान आसपास अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। इस घटना के बाद कुछ स्थानीय युवक धरने पर बैठ गए, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।

# अनियंत्रित होकर गंगनहर में जा गिरी कार, एक शव बरामद

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में बुधवार को मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर गंगनहर में जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद एक शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। फिलहाल पुलिस जानकारी जुटा रही है कि कार में कितने लोग सवार थे। गंगनहर में पुलिस का तलाशी अभियान जारी है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलौर कोतवाली की नारसन पुलिस को बुधवार की सुबह सूचना मिली कि मोहम्मदपुर झाल के पास एक कार गंगनहर में गिरी हुई है। सूचना पर तत्काल पुलिस स्टेशन प्रभारी मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और झाल कर्मियों से जलस्तर कम कराया गया। इसके बाद जब पुलिस टीम ने गंगनहर में नीचे जाकर निरीक्षण किया तो कार हॉडा सिटी पाई गई। बताया गया है कि कार के पीछे के शीशे टूटे हुए थे और कार के अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। मृतक के शरीर पर अन्य कोई चोट के निशान नहीं थे। पुलिस टीम को कार के अंदर से एक आधार कार्ड बरामद हुआ।



दुर्घटनाग्रस्त कार।

## पेज 01 का शेष...

# राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए कई अहम निर्णय, कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

आयोग के वर्तमान संरचनात्मक ढांचे का विगत 11 वर्षों में कार्य आवश्यकता के आधार पर पुनर्गठन नहीं किया जा सका है, जिससे आयोग के दैनिक कार्य प्रभावित होने के कारण वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप आयोग के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु पूर्व से सृजित ढांचे में 12 नवीन पदों को सृजित करते हुये उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग के वर्तमान संरचनात्मक ढांचे को पुनर्गठित किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। राज्यांतर्गत राष्ट्रीय पेंशन योजना से आच्छादित कार्मियों की पूर्व सेवाओं को उपादान की देयता हेतु जोडे जाने का निर्णय लिया गया है। उत्तराखण्ड वर्दीधारी सिपाही पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली, 2025 एवं उत्तराखण्ड वर्दीधारी उप निरीक्षक पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली, 2025 के प्रख्यापन को मंजूरी दी गई है। उक्तानुसार वन टाइम सेटेलमेंट के तहत विनियमित हुए पर्यावरण मित्रों के सेवाकाल के दौरान मृत्यु के उपरान्त उनके आश्रितों को मृतक आश्रित नियमावली, 1974 का लाभ प्रदान किये जाने हेतु विनियमितीकरण विषयक शासनादेश संख्या–1282, दिनांक 22.11.2016 में संशोधन किये जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन: UA/DO/DDN/402/2017-19